राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 05 अगस्त, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में बीएसएनएल के नवनियुक्त मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) आलोक जयमल ने शिष्टाचार भेंट कर बीएसएनएल की वर्तमान गतिविधियों एवं योजनाओं के विषय में जानकारी दी।

राज्यपाल ने आलोक जयमल का स्वागत करते हुए उन्हें उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल राज्य के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सेवाओं के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग संचार क्रांति का युग है और हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम देश व प्रदेशवासियों को किफायती लागत में अच्छी संचार सुविधाएं उपलब्ध कराएं। राज्यपाल ने कहा कि संचार क्रांति के माध्यम से आज हम घर बैठे दुनिया के किसी भी कोने में संपर्क साध सकते हैं इसके लिए हमारी संचार व्यवस्थाएं दुरुस्त होना जरूरी है। राज्यपाल ने बीएसएनएल की सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने एवं नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयास करने की बात कही।

आलोक जयमल ने बीएसएनएल की ओर से राज्य में की जा रही विभिन्न पहलों पर चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि बीएसएनएल उत्तराखंड में संचार सेवाओं के विस्तार और सुधार के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में भी तेज और विश्वसनीय इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए बीएसएनएल द्वारा ''भारत नेट'' एवं 4जी सेचुरेशन योजनाओं के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही, उन्होंने राज्य में डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत की जा रही पहल के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर बीएसएनएल महाप्रबंधक विजय पाल और सुमित कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

............0............